# वैश्विक जोखिम रिपोर्ट- 2023

## प्रिलिम्स के लिये:

विश्व आर्थिक मंच, दावोस शिखर सम्मेलन, जलवायु परिवर्तन, जलवायु कार्रवाई और जैवविविधता हानि।

## मेन्स के लिये:

वैश्विक जोखिम रिपोर्ट- 2023।


## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **विश्व आर्थिक मंच (WEF)** ने वैश्विक जोखिम रिपोर्ट- 2023 (18वाँ संस्करण) जारी की है, जिसमें विश्व से अगले दो वर्षों में**'प्राकृतिक आपदाओं और चरम मौसमी घटनाओं'** के लिये तैयार रहने की मांग की गई है।

- WEF की रिपोर्ट दावोस- 2023 की बैठक से पहले जारी की गई है, जिसका शीर्षक **'को-ऑपरेशन इन ए फ्रैग्मेंटेड वर्ल्ड'** है।

## रिपोर्ट के मुख्य बिंदु:

- **सबसे गंभीर जोखिम:**
  - **'जलवायु परिवर्तन को कम करने में विफलता'** और **'जलवायु परिवर्तन अनुकूलन की विफलता'** अगले दशक में दुनिया के सामने आने वाले **दो सबसे गंभीर जोखिम हैं**, इसके बाद **'प्राकृतिक आपदाएँ एवं चरम मौसमी घटनाएँ' तथा 'जैवविविधता का नुकसान व पारिस्थितिकी तंत्र के पतन'** का भी जोखिम विद्यमान है।
  - वर्तमान में कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन और नाइट्रस ऑक्साइड के **वायुमंडलीय स्तर रिकॉर्ड ऊँचाई पर पहुँच गए हैं।**
  - उत्सर्जन प्रक्षेपवक्र से इस बात की बहुत कम संभावना है कि**वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने की वैश्विक महत्त्वाकांक्षा हासिल की जा सकेगी।**




//

- **जलवायु कार्रवाई और जैवविविधिता क्षति:**
  - **विश्व 30 वर्षों से वैश्विक जलवायु वकालत और कूटनीति** के बावजूद जलवायु परिवर्तन पर आवश्यक प्रगति करने के लिये संघर्ष कर रहा है।
  - जलवायु परिवर्तन को संबोधित करने के लिये जलवायु कार्रवाही पर विफलता **2011 के बाद से रिपोर्ट के शीर्ष जोखिमों में से एक है।**
  - **मानव इतिहास के दौरान किसी भी अन्य काल की तुलना में** पारिस्थितिकि तंत्र के भीतर जैवविविधिता पहले से तेज़ गति से घट रही है।
  - लेकिन जलवायु संबंधी अन्य जोखिमों के विपरीत 'जैवविविधिता हानि और पारिस्थितिकी तंत्र के पतन' को अल्पावधि में **चिंता का विषय नहीं माना गया।**
    - इसे लंबी अवधि में या अगले दस वर्षों (2033 तक) में **चौथे सबसे गंभीर जोखिम** के रूप में स्थान दिया गया।
- **जलवायु शमन प्रगति का उत्क्रमण:**
  - **भू-राजनीतिक तनाव के कारण** सामाजिक-आर्थिक अल्पकालिक संकटों की वजह से सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र के संसाधनों की बढ़ती मांग, अगले दो वर्षों में शमन प्रयासों की गति एवं पैमाने को और कम करने की तरफ अग्रसर है।
  - कुछ मामलों में इसने अल्पावधि में **जलवायु परिवर्तन शमन पर प्रगति को उलट** दिया है।
    - उदाहरण के लिये यूरोपीय संघ ने नए और विस्तारित जीवाश्म-ईंधन के बुनियादी ढाँचे एवं आपूर्ति पर न्यूनतम 50 बिलियन यूरो खर्च किये हैं।
    - ऑस्ट्रिया, इटली, नीदरलैंड और फ्राँस सहित कुछ देशों ने **कोयला आधारित विद्युत स्टेशनों** का परिचालन **फिर से शुरू किया है।**
- **आशंकाएँ और चेतावनियाँ:**
  - अगले 10 वर्षों में या वर्ष 2033 तक जैवविविधिता हानि, प्रदूषण, प्राकृतिक संसाधनों की खपत, जलवायु परिवर्तन और सामाजिक आर्थिक कारकों के बीच अंतर्संबंध के **खतरनाक संयोजन के निर्माण की आशंका है।**
  - इस बीच **यूरोप में वैश्विक महामारी और युद्ध को ऊर्जा, मुद्रास्फीति और खाद्य संकट का कारण माना जा रहा है।** वास्तव में 'जीवन यापन की लागत' (अगले दो वर्षों में) सबसे महत्त्वपूर्ण अल्पकालिक वैश्विक जोखिम हो सकती है।
  - जलवायु परिवर्तन पर अंकुश लगाने में विफलता भी एक बड़ा वैश्विक जोखिम है जिसके लिये दुनिया तैयार नहीं है।

- WEF के शोध में 70% उत्तरदाताओं का मानना था कि जलवायु परिवर्तन को कम करने या सामना करने हेतु वर्तमान पहल **"अप्रभावी" या "अत्यधिक अप्रभावी" रही है।**

## वैश्विक जोखिम:

- वैश्विक जोखिम को किसी घटना या स्थिति के घटित होने की संभावना के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो यदि घटित होती है तो **वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद, जनसंख्या या प्राकृतिक संसाधनों के महत्त्वपूर्ण अनुपात पर नकारात्मक प्रभाव डालती है।**
- वैश्विक जोखिम रिपोर्ट **दावोस, स्विट्ज़रलैंड में फोरम की वार्षिक बैठक से पहले विश्व आर्थिक मंच द्वारा प्रकाशित एक वार्षिक अध्ययन है।** ग्लोबल रिस्क नेटवर्क के काम के आधार पर रिपोर्ट वर्ष-दर-वर्ष वैश्विक जोखिम परिदृश्य में होने वाले परिवर्तनों का वर्णन करती है।

## विश्व आर्थिक मंच:

- **परिचय:**
    - विश्व आर्थिक मंच एक स्विस गैर-लाभकारी एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। इसकी स्थापना वर्ष 1971 में हुई थी। इसका मुख्यालय स्विट्ज़रलैंड के जिनेवा में है।
    - यह स्विस/स्विट्ज़रलैंड के अधिकारियों द्वारा सार्वजनिक-निजी सहयोग के लिये अंतर्राष्ट्रीय संस्था के रूप में मान्यता प्राप्त है।
- **मिशन:**
    - फोरम वैश्विक, क्षेत्रीय और औद्योगिक एजेंडा को आकार देने के लिये राजनीतिक, व्यापारिक, सामाजिक व शैक्षणिक क्षेत्र के अग्रणी नेतृत्व को एक साझा मंच उपलब्ध कराता है।
- **संस्थापक और कार्यकारी अध्यक्ष:** क्लाउस श्वाब (Klaus Schwab)
- **विश्व आर्थिक मंच द्वारा जारी की जाने वाली अन्य रिपोर्ट:**
    - ऊर्जा संक्रमण सूचकांक।
    - वैश्विक प्रतिस्पर्द्धात्मकता रिपोर्ट।
    - वैश्विक आईटी रिपोर्ट।
        - WEF द्वारा INSEAD और कॉर्नेल यूनिवर्सिटी के साथ मिलकर इस रिपोर्ट को प्रकाशित किया जाता है।
    - वैश्विक लैंगिक अंतराल रिपोर्ट।
    - वैश्विक यात्रा और पर्यटन रिपोर्ट।

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न. निम्नलिखित में से कौन विश्व के देशों के लिये "सार्वभौम लैंगिक अंतराल सूचकांक (ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स)" का श्रेणीकरण प्रदान करता है? (2017)**

(a) विश्व आर्थिक मंच
(b) संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद
(c) UN वुमन
(d) विश्व स्वास्थ्य संगठन

**उत्तर: (a)**

---

**प्रश्न. निम्नलिखित में से कौन विश्व आर्थिक मंच का संस्थापक है? (2009)**

(a) क्लॉस श्वाब
(b) जॉन केनेथ गॉलब्रैथ
(c) रॉबर्ट ज़ूलिक
(d) पॉल क्रुगमैन

**उत्तर (a)**

---

**प्रश्न. वैश्विक प्रतिस्पर्द्धात्मकता रिपोर्ट किसके द्वारा प्रकाशित की जाती है? (2019)**

(a) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(b) व्यापार एवं विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन
(c) विश्व आर्थिक मंच
(d) विश्व बैंक

**उत्तर: (c)**

**स्रोत: डाउन टू अर्थ**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/global-risks-report-2023